**दिल्ली विधान सभा**

**समाचार भाग-2**

॥विधायी तथा अन्य मामलों से संबंधित सामान्य जानकारी॥

शुक्रवार, 03 नवम्बर, 2000/कार्तिक 12, 1922॥शक॥

**संख्या : 111**

**॥1॥ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की दूसरी विधान सभा के सातवें सत्र का प्रारम्भ**

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की दूसरी विधान सभा का सातवां सत्र मंगलवार, दिनांक 21 नवम्बर, 2000 को अपराह्न 2·00 बजे से विधान सभा सभागार, पुराना सचिवालय, दिल्ली में प्रारम्भ होगा ।

**॥2॥ सातवें सत्र के दौरान कार्य निष्पादन के लिये दिनों का आबंटन**

कार्य निष्पादन हेतु विधान सभा की बैठकें अस्थायी तौर पर 21, 22 23, 24, 27, 28 और 29 नवम्बर, 2000 के लिये निर्धारित की गई हैं ।

**॥3॥ विधान सभा की बैठकों का समय**

जब तक अध्यक्ष अन्यथा आदेश न दें, विधान सभा की बैठकें 2·00 बजे अपराह्न आरम्भ होगी और तब तक चलेंगी जब तक उसे उस दिन के लिये स्थगित न कर दिया जाये ।

**॥4॥ प्रश्नों की सूचनाएं एवं बैलेट**

विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियम-33 के अंतर्गत समस्त माननीय सदस्यों द्वारा प्रश्नों की सूचनाएं भेजते समय स्पष्ट रूप से कम से कम 12 दिन का समय देना आवश्यक है । नियम-36 के अंतर्गत सदस्य ॥अल्प सूचना प्रश्न, तारांकित प्रश्न तथा अतारांकित प्रश्न सहित॥ एक दिन के लिये केवल पांच प्रश्नों की सूचना दे सकते हैं । यदि कोई सदस्य एक दिन के लिये पांच से अधिक प्रश्नों की सूचनाएं देता है तो उनकी पहली पांच सूचनाएं स्वीकृत की जायेंगी और बाकी सूचनाएं अस्वीकृत समझी जायेंगी ।

**॥5॥ सातवें सत्र के दौरान प्रश्नों का उत्तर देने के लिये दिनों का आबंटन॥नियम-37॥**

मंत्रियों द्वारा सातवें सत्र में विभिन्न विभागों से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देने के लिये निम्नानुसार दिनों को निर्धारित किया गया है :-

| क्रम संख्या | विभाग | बैठक की तिथि | कॉलम 3 में दर्शाये गये विभागों से संबंधित प्रश्नों के नोटिस प्राप्त करने की अंतिम तिथि | मौखिक रूप से पूछे जाने वाले प्रश्नों की प्राथमिकता निर्धारित करने के लिये बैलेटिंग की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1· | प्रशासनिक सुधार, सामान्य प्रशासन, विकास, आबकारी, श्रम, विधि एवं न्याय | 21·11·2000 | 7·11·2000 3·00 बजे तक | 7·11·2000 5·00 बजे |
| 2· | बिक्री कर, गुरुद्वारा चुनाव वित्त, समाज कल्याण, योजना, ऊर्जा | 22·11·2000 | 8·11·2000 3·00 बजे तक | 8·11·2000 5·00 बजे |
| 3· | सेवाएं, वन एवं वन्य जीवन, पर्यटन, चुनाव शिक्षा, प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा | 23·11·2000 | 9·11·2000 3·00 बजे तक | 9·11·2000 5·00 बजे |
| 4· | खाद्य एवं संभरण, खाद्य अपमिश्रण, परिवहन, जन सम्पर्क, परिवार कल्याण | 24·11·2000 | 10·11·2000 3·00 बजे तक | 10·11·2000 5·00 बजे |
| 5· | शहरी विकास, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण, सतर्कता, पर्यावरण, गृह | 27·11·2000 | 13·11·2000 3·00 बजे तक | 13·11·2000 5·00 बजे |
| 6· | चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, रोजगार, जेल, राजस्व, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, जल | 28·11·2000 | 14·11·2000 3·00 बजे तक | 14·11·2000 5·00 बजे |
| 7· | भूमि एवं भवन, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण, उद्योग, भाषा, सहकारिता | 29·11·2000 | 15·11·2000 3·00 बजे तक | 15·11·2000 5·00 बजे |

**§6§ नियम 287 के अन्तर्गत विशेष उल्लेख**

जो माननीय सदस्य नियम 287 के अन्तर्गत विशेष उल्लेख के मामलों को जिस दिन/तिथि को उठाना चाहते हैं, वे प्रस्तावित विषय की सूचना उसी दिन पूर्वाह्न 11·00 बजे तक दे सकते हैं। प्रथम 10 सूचनाओं की प्राथमिकता निर्धारित करने हेतु बैलेटिंग प्रत्येक दिन पूर्वाह्न 11·15 बजे सचिव, विधान सभा के कक्ष में की जायेगी। माननीय सदस्यों से बैलेटिंग की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु अनुरोध किया जाता है।

सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे विशेष उल्लेख के पाठ को केवल 10-15 लाइनों तक ही सीमित रखें और सदन में उस विषय को उठाते समय केवल मूल पाठ ही पढ़ें। विषय केवल एक ही विभाग एवं मुद्दे से संबंधित होना चाहिये जिसके लिये दिल्ली सरकार उत्तरदायी है।

**§7§ गैर सरकारी सदस्यों के कार्य**

शुक्रवार, 24 नवम्बर, 2000 को होने वाली सदन की बैठक की तिथि अस्थायी तौर पर गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों और संकल्पों के लिये आबंटित की गई है। गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों और संकल्पों की सूचनाएं 08·11·2000 को अपराह्न 3·00 बजे तक प्राप्त की जायेगी। प्राथमिकता हेतु बैलेटिंग सचिव के कक्ष में 08·11·2000 को अपराह्न 5·00 बजे की जायेगी। माननीय सदस्यों का बैलेटिंग की प्रक्रिया में भाग लेने के लिये स्वागत है।

**8· नोटिसों की प्रक्रिया**

§क§ सदस्यों का ध्यान दिल्ली विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियम के नियम 265 की ओर आकर्षित किया जाता है, जो निम्न प्रकार से हैं:-

§1§ प्रत्येक नोटिस जिसकी नियमों के अंतर्गत आवश्यकता हो, सचिव को सम्बोधित करके या लिखित रूप में दी जायेगी और वह उनके कार्यालय में कार्यकाल के भीतर दी जायेगी।

§2§ जब तक नियमों में अन्यथा उपबन्ध न हो, नोटिस जो कार्यालय में उपर्युक्त नियमों में दिये गये समय के उपरांत अन्य किसी समय में प्राप्त हो, वह अगले दिन खुलने वाले दिन प्राप्त हुई समझी जायेगी।

